# सहारा तुझे श्याम देगा | By Durga Gamad

जब तेरे दिन कुछ ठीक ना होंगे
अपने भी नज़दीक ना होंगे
जब करेगा ना कोई तुझे याद
सहारा तुझे श्याम देगा
सच्चे दिल से लगाले फरियाद
सहारा तुझे श्याम देगा
जाएगी ना अरज़ बर्बाद
सहारा तुझे श्याम देगा

हाथ प्रभु का तेरे सर पर
आंच ना आएगी तेरे घर पर
पूरी होगी तेरे भी मुराद
सहारा तुझे श्याम देगा

करते हैं जो श्याम की भक्ति
उनको मुसीबत छू नहीं सकती
तेरा जीवन करेगा आबाद
सहारा तुझे श्याम देगा

श्याम के रहते क्यों डरता है
माधव क्यों तू फिकर करता है
श्याम प्यारे की तू है औलाद
सहारा तुझे श्याम देगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%9d%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%97%e0%a4%be-by-durga-gamad/